Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Limited
CIN No. : U85100BR2010SGC015886

BMSICL
(A Govt. of Bihar undertaking)

पत्रांक– BMSIC/80255/47-2024/ 1706 दिनांक– 16/05/2025

प्रेषक,

मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना),
बी0एम0एस0आई0सी0एल0, पटना

सेवा में,

Reliable Enterprises,
1st Floor, Kamta Ram Sakhi Enclave,
Beside Dayanand Boys School
Mithapur Khagaul Road, Mithapur, Patna-800001.

विषयः– अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गया के परिसर में प्री–फैब पद्धति से क्षेत्रीय औषधि भंडारगृह का निर्माण कार्य (आंतरिक एवं बाह्य सेनिटेशन, विद्युतीकरण, HVAC, STP. फर्निचर एवं अन्य कार्य सहित) के निर्माण कार्य के संबध में।

प्रसंगः–इस कार्यालय का पत्रांकः–BMSIC/80255/47-2024/12737 दिनांकः–26.03.2025, पत्रांकः–BMSIC/80255/47-2024/183 दिनांकः–04.04.2025 एवं आपका पत्रांकः–RE/BMSICL-DWH/016/25-26 दिनांकः–28.04.2025

महाशय,

उपरोक्त विषय एवं प्रसंगाधीन पत्र के संबंध में कहना है कि प्रासंगिक पत्र के माध्यम से अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गया के परिसर में प्री–फैब पद्धति से क्षेत्रीय औषधि भंडारगृह का निर्माण कार्य (आंतरिक एवं बाह्य सेनिटेशन, विद्युतीकरण, HVAC, STP. फर्निचर एवं अन्य कार्य सहित) का निविदा निष्पादित करते हुए LOA इस कार्यालय के पत्रांकः– BMSIC/80255/47-2024/12737 दिनांकः–26.03.2025 निर्गत किया गया, उक्त पत्र के माध्यम से 07 दिनों के अंदर परफॉमेन्स गारंटी की राशि एवं एडिशनल परफॉमेन्स गारंटी की राशि जमा करने हेतु निदेशित किया गया था, परंतु आपके द्वारा दिये गए अवधि के अंतर्गत परफॉमेन्स गारंटी की राशि एवं एडिशनल परफॉमेन्स गारंटी जमा नहीं किया गया। पुनः इस कार्यालय के पत्रांकः–BMSIC/80255/47-2024/183 दिनांकः–04.04.2025 के माध्यम से परफॉमेन्स गारंटी की राशि एवं एडिशनल परफॉमेन्स गारंटी जमा करते हुए एकरारनामा करने हेतु निदेशित किया गया, जिसके आलोक में आपके द्वारा पत्रांकः–RE/BMSICL-DWH/016/25-26 दिनांकः–28.04.2025 के माध्यम से दिनांकः–19.04.2025 तक समय प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया था। परंतु अवधि बीत जाने के पश्चात् अभी तक आपके द्वारा एकरारनामा संपादित करने हेतु कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस प्रकार यह स्पष्ट होता है कि आपके द्वारा एकरारनामा संपादित करने में अनावश्यक विलंब किया जा रहा है। एवं इस प्रकार अनावश्यक विलंब के प्रति आपकी लापरवाह को दर्शाता है।

अतः उपरोक्त के आलोक में बिहार ठेकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के कंडिका 11 (क) II एवं निविदा के ITB की कंडिका 4.8, में वर्णित प्रावधानों के तहत् Defaulter घोषित कर आपके फर्म को निर्गत LOA का पत्रांकः–12737 दिनांकः–26.03.2025 को तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए आपके फर्म को 01 एक साल तक निविदा में भाग लेने डिबार किया जाता है।

उक्त प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

15/05/25

मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना)

ज्ञापांकः– BMSIC/80255/47-2024/1706 दिनांक– 16/05/2025

प्रतिलिपिः–उपमहाप्रबंधक (निविदा), पटना को सूचनार्थ एवं निदेश दिया जाता है कि विषयांकित परियोजना की पुनर्निविदा आमंत्रित की जाए।

15/05/25

मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना)

ज्ञापांकः– BMSIC/80255/47-2024/1706 दिनांक– 16/05/2025

प्रतिलिपिः–सभी उपमहाप्रबंधक (परियोजना/मुख्यालय), पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 15/05/25

मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना)

ज्ञापांकः– BMSIC/80255/47-2024/1706 दिनांक– 16/05/2025

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना/अपर मुख्य सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, पटना/प्रधान सचिव, पर्यटन विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, नगर विकास विभाग, बिहार, पटना/ प्रधान सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, शैक्षणिक आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुलिस निर्माण निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार शहरी आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पर्यटन विकास निगम लि0, पटना एवं सभी कार्य विभाग को सूचनार्थ समर्पित।

ह0/- 15/05/25

मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना)

ज्ञापांकः– BMSIC/80255/47-2024/1706 दिनांक– 16/05/2025

प्रतिलिपिः–महाप्रबंधक (परियोजना), उत्तर/दक्षिण एवं महाप्रबंधक (वित्त) पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 15/05/25

मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना)

ज्ञापांकः– BMSIC/80255/47-2024/1706 दिनांक– 16/05/2025

प्रतिलिपिः–प्रबंध निदेशक, बी0एम0एस0आई0सी0एल0, पटना के आशुलिपिक को प्रबंध निदेशक महोदय के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 15/05/25

मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना)

ज्ञापांकः– BMSIC/80255/47-2024/1706 दिनांक– 16/05/2025

प्रतिलिपिः–श्री मोहित कुमार, प्रबंधक (सिस्टम), बी0एम0एस0आई0सी0एल0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेशानुसार उपरोक्त के आलोक में पत्र को बी0एम0एस0आई0सी0एल0, पटना के बेवसाईट पर संवेदक को डिबार लिस्ट में प्रकाशित किया जाए।

ह0/- 15/05/25

मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना)